# आगरा नगर निगम

## 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष प्रस्ताव

15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत मा0 महापौर महोदय की अध्यक्षता में गठित समिति के द्वारा दिनांक 21.10.2021 परिचालन पद्धति से उपलब्ध धनराशि रु. 429.87 लाख के सापेक्ष एयर क्वालिटी इम्प्रूवमेंट हेतु शहर के अन्तर्गत ग्रीन बेल्ट बनाये जाने, तालाबों की खुदाई एवं पार्कों को विकसित किये जाने तथा सड़कों को गड्ढ़ामुक्त किये जाने हेतु धनराशि रु. 270.84 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी थी।

उक्त के अतिरिक्त दिनांक 23.09.2021 को शहर के प्रमुख पहुंच मार्गों को गड्ढ़ामुक्त किये जाने हेतु धनराशि रु. 291.77 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी थी, जिसके सापेक्ष निविदा प्रक्रिया पूर्ण कराये जाने के उपरान्त धनराशि रु. 255.41 लाख की निविदा स्वीकृत हुई है। इस प्रकार स्वीकृत धनराशि रु. 291.77 लाख के सापेक्ष निविदा स्वीकृत धनराशि रु. 255.41 लाख के उपरान्त धनराशि रु. 36.36 लाख अवशेष बचती है।

दिनांक 21.10.2021 को स्वीकृत प्रस्ताव में उपलब्ध धनराशि रु. 429.87 लाख के सापेक्ष धनराशि रु. 270.84 लाख की स्वीकृति उपरान्त धनराशि रु. 159.03 लाख अवशेष बचती है एवं दिनांक 23.09.2021 को स्वीकृत प्रस्ताव धनराशि रु. 297.77 लाख के सापेक्ष निविदा प्रक्रिया (रु. 291.77 लाख के सापेक्ष रु. 255.41 लाख की निविदा प्राप्त हुई हैं) पूर्ण कराये जाने के उपरान्त धनराशि रु. 36.36 लाख अवशेष बचती है। इस प्रकार 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत धनराशि (रु. 159.03+रु. 36.36 लाख) रु. 195.39 लाख अवशेष बचती है।

उपरोक्तानुसार उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष एयर क्वालिटी इम्प्रूवमेंट हेतु मुख्य मार्गों की साइड पटरी पर इण्टरलॉकिंग एवं सड़कों को गड्ढ़ामुक्त किये जाने हेतु पैच वर्क के कार्य निम्नानुसार प्रस्तावित किये गये हैं :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | जोन–2 कक्ष संख्या–25 घटिया आजम खाँ पुलिस चौकी से फुलट्टी चौकी तक हॉटमिक्स द्वारा सड़क सुधार कार्य। | 9.70 |
| 2 | जोन–2 छीपीटोला से बालूगंज जाने वाले मार्ग पर सड़क सुधार कार्य। | 29.36 |
| 3 | हरीपर्वत जोन–1 कमला नगर एफ–ब्लॉक एफ–50 से ग्रीन पार्क होते हुए एफ–94 तक नाली मरम्मत एवं साइड पटरी का कार्य। | 13.74 |
| 4 | हरीपर्वत जोन–1 कमला नगर में झिलमिल पब्लिक स्कूल से म0नं0 79 होते हुए ट्रांसफार्मर तक नाली मरम्मत एवं साइड पटरी का कार्य। | 14.78 |
| 5 | हरीपर्वत जोन–1 कमला नगर में म0नं0 डी–162 से म0नं0 ई–339 तक नाली मरम्मत एवं साइड पटरी का कार्य। | 12.91 |
| 6 | हरीपर्वत जोन–1 कमला नगर में झिलमिल स्कूल से माया नेत्रालय केन्द्र होते हुए म0नं0 एफ–126 तक नाली मरम्मत एवं साइड पटरी का कार्य। | 14.38 |
| 7 | हरीपर्वत जोन–1, कमला नगर में म0नं0 29बी/4 से म0नं0 32ए/एफ–106ए/ए होते हुए शान्ती स्वीट्स तक नाली मरम्मत एवं साइड पटरी का कार्य। | 13.85 |
| 8 | हरीपर्वत जोन–1, कक्ष संख्या–93 कमला नगर, सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल से पानी की टंकी रोड तक नाली मरम्मत एवं साइड पटरी पर इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा निर्माण कार्य। | 12.18 |
| 9 | हरीपर्वत जोन कक्ष संख्या–94 दिल्ली गेट स्थित गोवर्धन होटल से नवल किशोर तिराहा तक, चर्च रोड पर भारतीय स्टेट बैंक ए.टी.एम. से आर.बी. एस. कॉलेज को जाने वाले मार्ग तक हॉटमिक्स द्वारा पैच मरम्मत का कार्य। | 5.83 |
| 10 | हरीपर्वत जोन कक्ष संख्या–92 संजय प्लेस में पुलिस चौकी के पीछे शहीद स्मारक के पास, बालाजी जूस के सामने व लिंक सड़कों पर हॉटमिक्स द्वारा पैच मरम्मत का कार्य। | 7.89 |

| | | |
|---|---|---|
| 11 | जोन–1 कक्ष संख्या–92 संजय प्लेस में मेट्रो होटल से आहार रेस्टोरेंट तक हॉटमिक्स द्वारा पैच मरम्मत का कार्य। | 9.29 |
| 12 | हरीपर्वत जोन कक्ष संख्या–94 सूर्य नगर में मकान नं0 46 डॉ0 ए0के0 बैजल के मकान से दीवानी रोड तक सी0सी0 द्वारा पैच मरम्मत का कार्य। | 6.98 |
| 13 | जोन–1 कक्ष संख्या–96, महर्षिपुरम कालोनी से गुरूद्वारा को जाने वाले मार्ग पर हॉटमिक्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य। | 14.88 |
| 14 | हरीपर्वत जोन कक्ष संख्या–31, नगला बूढ़ी चौराहा से चौधरी वीरी सिंह स्कूल तक हॉटमिक्स द्वारा पैच मरम्मत कार्य। | 9.91 |
| 15 | जोन–1 कक्ष संख्या–29, ट्रांसपोर्ट नगर में रेलवे लाइन से आई.एस.बी.टी. बस स्टैण्ड के मोड़ तक बांयी ओर हॉटमिक्स द्वारा पैच मरम्मत का कार्य। | 8.97 |
| 16 | जोन–1 कक्ष संख्या–29, ट्रांसपोर्ट नगर में रेलवे लाइन से आई.एस.बी.टी. बस स्टैण्ड के मोड़ तक दांयी ओर एवं आर.टी.ओ. ऑफिस के पास हॉटमिक्स द्वारा पैच मरम्मत का कार्य। | 9.00 |
| 17 | जोन–1 कक्ष संख्या–29, ट्रांसपोर्ट नगर में आई.एस.बी.टी. के गेट नम्बर–2 से मोड़ तक हॉटमिक्स द्वारा पैच मरम्मत का कार्य। | 9.53 |
| 18 | जोन–1 कक्ष संख्या–29, ट्रांसपोर्ट नगर में राष्ट्रीय राजमार्ग–2 से आई. एस.बी.टी. बस स्टैण्ड के मोड़ तक हॉटमिक्स द्वारा पैच मरम्मत का कार्य। | 8.20 |
| 19 | जोन–1 कक्ष संख्या–29, ट्रांसपोर्ट नगर में आई.एस.बी.टी. के गेट नम्बर–1 से गेट नम्बर–2 तक हॉटमिक्स द्वारा पैच मरम्मत का कार्य। | 9.30 |
| 20 | जोन–3 ताजगंज कक्ष संख्या–39 ओल्ड ईदगाह कालोनी में चौराहे से पार्क तक हॉटमिक्स द्वारा सड़क सुधार कार्य। | 6.53 |
| 21 | जोन–3 ताजगंज कक्ष संख्या–39 ओल्ड ईदगाह कालोनी में एडवोकेट शर्मा के मकान से जी0एम0बी0 होते हुए पार्क तक हॉटमिक्स द्वारा सड़क सुधार कार्य। | 8.87 |
| 22 | जोन–1 कक्ष संख्या–75, आवास विकास कालोनी सेक्टर–7 में मकान नं0 347ए से मकान नं0 380बी तक नाली एवं इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य। | 19.48 |
| | **योग** | **258.56** |

उपरोक्तानुसार प्रस्तुत प्रस्तावों की पृथक–पृथक धनराशि रु. 258.56 लाख की स्वीकृति समिति परिचालन पद्धति से उपलब्ध धनराशि रु. 195.39 लाख के सापेक्ष प्रदान करते हुए निविदा आदि आमंत्रित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। बढ़ी हुई धनराशि रु. 63.17 लाख का समायोजना निविदा प्रक्रिया के उपरान्त निम्न आने वाली बचत धनराशि से किया जायेगा।

15वें वित्त आयोग की बैठक दिनांक 04.06.2021 में समिति के द्वारा नेहरू नगर तालाब के सौन्दर्यीकरण एवं उच्चीकरण कार्य हेतु धनराशि रु. 100.00 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। परन्तु उक्त भूमि सिंचाई विभाग की होने एवं उसका कस्टूडियन जिला जज, आगरा में निहित होने के कारण अब तक एन0ओ0सी0 प्राप्त न होने की दशा में नेहरू नगर तालाब का सौन्दर्यीकरण/उच्चीकरण का कार्य प्रारम्भ न होने एवं वर्तमान परिस्थितियों में कार्य कराया जाना सम्भव भी न होने के दृष्टिगत मा0 महापौर महोदय द्वारा के उक्त तालाब के स्थान पर खसरा नं0 492 सिकन्दरा पेट्रोल पम्प के पीछे तालाब को विकसित किये जाने हेतु धनराशि रु. 100.00 लाख की स्वीकृति समिति की प्रत्याशा में दिनांक 04.10.2021 को प्रदान की गयी है।

समिति द्वारा नेहरू नगर तालाब के सौन्दर्यीकरण एवं उच्चीकरण कार्य हेतु धनराशि रु. 100.00 लाख के स्थान पर खसरा नं0 492 सिकन्दरा पेट्रोल पम्प के पीछे तालाब को विकसित किये जाने हेतु धनराशि रु. 100.00 लाख की स्वीकृति प्रदन करते हुए ई–निविदा आमंत्रित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

उक्त के अतिरिक्त 15वें वित्त आयोग की बैठक दिनांक 04.06.2021 में एस0डब्लू0एम0/सेनीटेशन हेतु निदेशालय के पत्र दिनांक 12.11.2020 एवं शासन के पत्र

दिनांक 30.03.2021 के द्वारा नगर निगम, आगरा को प्राप्त धनराशि के सापेक्ष शासनादेश में दिये गये दिशा–निर्देशानुसार प्रस्तावों की स्वीकृति प्राप्त की गयी थी, जिसमें डोर–टू–डोर कलैक्शन, मैकेनाइज्ड स्वीपिंग, मैनुअल स्वीपिंग, यूरिनल्स आदि की सफाई कार्य हेतु धनराशि रु. 3000.00 लाख आरक्षित की गयी थी। परन्तु अवगत कराना है कि नगर निगम द्वारा अभी डोर–टू–डोर कलैक्शन की निविदा प्रक्रिया पूर्ण की गयी है। इस प्रकार उक्त कार्य हेतु आरक्षित धनराशि रु. 3000.00 लाख का उपभोग माह मार्च, 2022 तक किया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा। अतः उक्त धनराशि का समयान्तर्गत उपभोग किये जाने हेतु निम्नानुसार प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत हैं :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धनराशि (रु. लाख में) | कार्य का औचित्य |
|---|---|---|---|
| 1 | अमृत योजनान्तर्गत सीवरेज एवं वाटर सप्लाई योजना हेतु निकायांश की अवशेष धनराशि शासन को अवमुक्त किया जाना। | 772.38 | राज्य मिशन निदेशक, (अमृत) के पत्र संख्या–एस0एम0एम0यू0 / 6628 / 353(2), दिनांक 24.09.2021 के क्रम में शासन को अमृत योजनान्तर्गत सीवरेज एवं वाटर सप्लाई योजना हेतु निकायांश के रूप में रु. 772.38 लाख दिया जाना अवशेष है, जिसकी स्वीकृति प्रस्तावित है। |
| 2 | कुबेरपुर स्थित खत्ता घर को जाने वाले मार्ग पर आर0एम0सी0 द्वारा सड़क सुधार कार्य। | 100.00 | कुबेरपुर स्थित खत्ता घर को जाने वाले मार्ग पर आर0एम0सी0 द्वारा मार्ग का निर्माण वाहनों के आवागमन हेतु आवश्यक है। |
| 3 | कुबेरपुर स्थित वेस्ट–टू–एनर्जी प्लाट की आर0सी0सी0 द्वारा रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य। | 1000.00 | कुबेरपुर स्थित खत्ता घर पर स्थित वेस्ट–टू–एनर्जी प्लांट की आर0सी0सी0 द्वारा रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य कराया जाना आवश्यक है। |
| 4 | ताजमहल के आस–पास कि0मी0 की परिधि में डोर–टू–डोर कलैक्शन, मैकेनाइज्ड स्वीपिंग, मैनुअल स्वीपिंग, यूरिनल्स आदि की सफाई का कार्य। | 21.62 | कचरा प्रबन्धन की व्यवस्था को विश्व स्तर की बनाये जाने के दृष्टिगत आउटसोर्सिंग पद्धति पर आर.एफ.पी./निविदा आमंत्रित कर एजेन्सी मै0 लॉयन्स सर्विसेस लि0 का चयन किया गया है, जिसको उक्त कार्य के सापेक्ष प्रतिमाह 50,51,524.00 का भुगतान किया जा रहा है, जिसमें से 20प्रतिशत धनराशि का भुगतान नगर निगम आगरा द्वारा 15वें वित्त आयोग से तथा 80प्रतिशत धनराशि का भुगतान आगरा विकास प्राधिकरण आगरा द्वारा पथकर निधि से किया जा रहा है। इस प्रकार नगर निगम आगरा द्वारा 01 वर्ष में उक्त कार्य हेतु रुपया 120.00 लाख का व्यय सम्भावित है। पूर्व में उक्त कार्य हेतु बैठक दिनांक 04.06.2021 में रु. 98.38 लाख की स्वीकृति प्राप्त गयी है। अवशेष धनराशि रु. 21.62 लाख की स्वीकृति प्रस्तावित है। |
| 5 | डोर टू डोर कलेक्शन का सैग्रीगेटिड वेस्ट जनता से कराये जाने को बढ़ावा देने के लिए IEC Activities, NGO or Professional Team से कराये जाने का कार्य। | 196.72 | आगरा स्थित ताजमहल देश एवं सम्पूर्ण विश्व में अपना एक अलग पहचान रखता है तथा देश में आने–वाले विदेशी पर्यटकों में सर्वाधिक संख्या ताजमहल देखने वालों की होती है। ऐसी स्थिति में ताजमहल एवं उसके आस–पास सुरक्षा एवं स्वच्छता सुनिश्चित किये जाने के दृष्टिगत ताजमहल के आस–पास 2 किलोमीटर की परिधि |

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धनराशि (रु. लाख में) | कार्य का औचित्य |
|---|---|---|---|
| | | | में स्वच्छता एवं गारबेज फ्री एरिया किये जाने हेतु आर.एफ.पी. दिनांक 02.02.2021 को आमंत्रित की गई, जिसमें 04 चार फर्मों द्वारा प्रतिभाग किया गया था। उक्त चारों फर्मो में से सर्वन्यून निविदा मै. फीडबैक फाउण्डेशन चैरिटेबिल ट्रस्ट की धनांक रु0 4,44,080.00 मासिक तथा धनांक रुपया 53,28,96.00 वार्षिक पर नगर आयुक्त द्वारा दिनांक 16.02.2021 को प्रदान की गई है, जिस पर दिनांक 01.11.2021 से दिनांक 31.03.2021 तक रुपया 22,00,400.00 का व्यय प्रस्तावित है। साथ ही ताजमहल के आस–पास 2 किलोमीटर की परिधि को छोड़कर शेष शहर में स्वच्छता एवं गारबेज फ्री एरिया किये जाने हेतु आर.एफ.पी. दिनांक 13.12.2021 को आमंत्रित की गई है। आमंत्रित निविदा अनुसार दिनांक 31.03.2022 तक होने वाले सम्भावित व्यय को जोड़कर कुल रुपया 250.00 लाख का व्यय सम्भावित है। उक्त कार्य हेतु बैठक दिनांक 04.06.2021 में रु. 53.28 लाख की स्वीकृति प्राप्त की जा चुकी है। शेष धनराशि रु. 196.72 लाख की स्वीकृति प्रस्तावित है। |
| 6 | आगरा शहर के अन्तर्गत सार्वजनिक शौचालयों में पानी की व्यवस्था एवं संचालन का कार्य। | 100.00 | नगर निगम, आगरा द्वारा शहर के अन्तर्गत सार्वजनिक शौचालयों का संचालन प्राईवेट संस्थाओं के माध्यम से कराया जा रहा है, जिसपर माह मार्च, 2022 तक संचलान पर रु. 250.00 लाख व्यय आना प्रस्तावित है। 15वें वित्त आयोग की बैठक दिनांक 04.06.2021 में उक्त कार्य हेतु रु. 150.00 लाख की स्वीकृति प्राप्त की गयी थी। शेष धनराशि रु. 100.00 लाख की स्वीकृति प्रस्तावित है। |
| 7 | 67 नालों का बायोरेमेडियेशन एवं फाइटोरेमेडियेशन का कार्य। | 76.65 | शहर में कुल 90 नाले है, जिनमें से 29 नाले टैप्ड हैं, शेष 61 नाले सीधे यमुना में मिल रहे है तथा 06 नाले जो यमुना किनारा रोड पर है। उनका ओवर फ्लो डिस्चार्ज भी यमुना में सीधे जा रहा है। माननीय एन.जी.टी. के आदेशों के अनुपालन में सभी 67 ड्रेन का डिस्चार्ज शोधित करने के उपरान्त ही यमुना में छोड़ा जा रहा है। इसके लिए बायोरेमेडियेशन एवं फाइटोरेमेडियेशन पद्धति का उपयोग कर दूषित जल का शोधन किया जा रहा है। उक्त कार्य पर माह मार्च, 2022 तक रु. 171.65 लाख का व्यय होना सम्भावित है। 15वें वित्त आयोग की बैठक दिनांक 04.06.2021 में उक्त कार्य हेतु रु. 95.00 लाख की स्वीकृति प्राप्त की गयी थी। शेष धनराशि रु. 76.65 लाख की स्वीकृति प्रस्तावित है। |

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धनराशि (रु. लाख में) | कार्य का औचित्य |
|---|---|---|---|
| 8 | कुबेरपुर स्थित साइट पर एकत्र अतिरिक्त लीगेसी वेस्ट 1.40 लाख मेट्रिक टन का निस्तारण का कार्य। | 453.60 | कुबेरपुर स्थित साइट पर एकत्र अतिरिक्त लीगेसी वेस्ट 1.40 लाख मै0टन का निस्तारण मै. स्पाक सुपर इन्फ्रा इण्डिया लि0 के माध्यम से पूर्व स्वीकृत निविदा दर रु. 324.00 मै0टन की दर पर किये जाने पर कुल रु. 453.60 लाख (चार सामान्य किश्तों पर) का व्यय आना प्रस्तावित है, जिसकी स्वीकृति हेतु प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत है। |
| | | **2720.97** | |

उपरोक्तानुसार धनराशि रु. 2720.97 लाख की स्वीकृति डोर–टू–डोर कलैक्शन, मैकेनाइज्ड स्वीपिंग, मैनुअल स्वीपिंग, यूरिनल्स आदि की सफाई कार्य हेतु दिनांक 04.06.2021 को आहूत बैठक में आरक्षित की गयी धनराशि रु. 3000.00 लाख के सापेक्ष समिति द्वारा प्रदान की जाती है। शेष धनराशि रु. 279.03 लाख का उपयोग डोर–टू–डोर कलैक्शन कार्य हेतु किया जायेगा।

तदानुसार प्रस्ताव अनुमोदित किया जाता है।

14/12/2021
अधीक्षण अभियन्ता/सदस्य,
लोक निर्माण विभाग, आगरा।

14.12.21
(राजेन्द्र पेंसिया)
सदस्य/उपाध्यक्ष,
विकास प्राधिकरण, आगरा

14/12/2021
(निखिल टीकाराम फुंडे)
सदस्य/संयोजक/
नगर आयुक्त,
नगर निगम, आगरा

(प्रभु एन0 सिंह)
सदस्य/जिलाधिकारी,
आगरा

(नवीन जैन)
अध्यक्ष/महापौर, 20/12/21
आगरा